MEDIA REPORT

PUBLICATION : BATHINDA BHASKAR

EDITION : BATHINDA

DATE : March 13, 2022 **PAGE NO.:**

दैनिक भास्कर

बठिंडा भास्कर 13-03-2022

गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी में श्रम जागरूकता शिविर करवाया

रामां मंडी| श्रम कानूनों के बारे में श्रमिकों के बीच जागरूकता पैदा करने, 'ई-श्रम' पोर्टल और श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए, उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), चंडीगढ़, साजिद निजामी ने गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के बीच 7 से 13 मार्च तक मनाए जाने वाले अपने प्रतिष्ठित सप्ताह के हिस्से के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके प्रतिभागियों को संबोधित करते निजामी ने बताया कि श्रम कानूनों का पालन राष्ट्रीय विकास में कैसे योगदान देता है। उन्होंने कामगारों के प्राथमिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया और उन्हें अपने हित में कानून का पालन करने के लिए संवेदनशील बनाया। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे ई-श्रम, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर प्रकाश डाला और सभी श्रमिकों को इन योजनाओं के दायरे में अपना पंजीकरण कराने के लिए कहा ताकि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर पहुंचे। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए श्रम अनुपालन और साइट सुरक्षा के महत्व को दोहराया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी के प्रबंधन द्वारा अच्छी सुरक्षा प्रथाओं और कार्यकर्ता कल्याण पहल की सराहना की। जसपाल सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय), जालंधर ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। शिविर में 150 से अधिक श्रमिकों और ठेकेदारों ने कार्यक्रम में भाग लिया।